ACCREDITED EMPLOYER WORK VISA

प्रवासी कर्मचारियों को नौकरी पर रखने के इच्छुक नियोक्ताओं के लिए जानकारी

मान्यता प्राप्त नियोक्ता कार्य वीसा AEWV (एईडबल्यूवी) ने आपके द्वारा प्रवासी कर्मचारियों को अस्थायी काम के लिए नियुक्त करने के तरीके को बदल दिया है। यह सुनिश्चित करता है कि न्यूज़ीलैंड के लोग नौकरियों के लिए सबसे पहले कतार में हैं, लेकिन जहां वास्तविक कुशलता या कर्मचारियों की कमी मौजूद है, मान्यता प्राप्त नियोक्ता एक योग्य भूमिका के लिए कुशल प्रवासी कर्मचारियों को काम पर रख सकते हैं। AEWV (एईडबल्यूवी) प्रक्रिया नियोक्ता के नेतृत्व वाली है और इसमें 3 जाँच शामिल हैं।

1 इमीग्रेशन (आप्रवासन) न्यूज़ीलैंड के साथ एक मान्यता प्राप्त नियोक्ता बनन

आपको मान्यता आवश्यकताओं के न्यूनतम सेट को पूरा करने की जरूरत होगी, जिसमें शामिल है:

- न्यूज़ीलैंड बिजनेस नंबर (NZBN) होना
- इनलैंड रेवेन्यू (अंतर्देशीय राजस्व) के पास एक नियोक्ता के रूप में पंजीकृत होना
- अच्छी आर्थिक स्थिति में होना
- इमीग्रेशन की आवश्यकताओं या रोजगार मानकों के उल्लंघन का कोई हाल ही का इतिहास न होना
- प्रवासी कर्मचारियों को काम से संबंधित सैटलमेंट (बंदोबस्त) की जानकारी प्रदान करना।

फ्रेंचाइजी और नियोक्ता जो AEWV धारकों को तीसरे पक्ष द्वारा नियंत्रित करने के लिए रखते है, उन्हें अतिरिक्त मान्यता आवश्यकताओं को पूरा करने की जरूरत होती है।

नियोक्ता मान्यता प्रक्रिया को यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि केवल अच्छे नियोक्ता ही प्रवासी कर्मचारियों को काम पर रख सकते है, और प्रवासी शोषण को रोकने में मदद करते है। यह नियोक्ताओं के लिए निश्चितता और पारदर्शिता में भी सुधार करता है।

प्रारंभिक मान्यता 12 महीने के लिए है। नवीकरण में, फ्रैंचाइज़ी और नियोक्ता जो तीसरे पक्ष द्वारा नियंत्रित करने के लिए उन प्रवासियों को रखना चाहते है जिनके पास AEWV (एईडब्ल्यूवी) है, उन्हें अगले 12 महीनों के लिए मान्यता दी जाएगी, और अन्य सभी नियोक्ताओं को 24 महीनों के लिए मान्यता प्रदान की जाएगी।

2 नौकरी की जाँच पास करना

एक बार आपको मान्यता मिल जाने के बाद, आप 20 जून 2022 से नौकरी जाँच के लिए आवेदन कर सकते है। इसका उद्देश्य यह जाँचना है कि कोई न्यूज़ीलैंडवासी काम करने के लिए उपलब्ध नही है, और यह कि वास्तव में कौशल या कर्मचारियों की कमी मौजूद है। नौकरी की जांच के लिए आवेदन करने से पहले आपको अपना विज्ञापन पूरा करने की आवश्यकता है।

नौकरी की जाँच इसकी पुष्टि करती है कि:

- नौकरी मार्केट रेट (बाजार दर) का भुगतान करती है और किसी भी लागू मजदूरी सीमा को पूरा करती है। ज़्यादातर मामलों में यह औसत वेतन होगा
- नौकरी सप्ताह में कम से कम 30 घंटे के लिए है
- न्यूनतम और अधिकतम अपेक्षित वेतन दर और आवश्यक कौशल या अनुभव समेत, यदि आवश्यक हो, तो आपने न्यूज़ीलैंड के लोगों को नौकरी का विज्ञापन दिया है। अगर नौकरी को औसत वेतन का कम से कम 200% भुगतान किया जाता है, या वह व्यवसायों की हरी सूची में है, तो आपको उस भूमिका या पद के विज्ञापन का प्रमाण देने की आवश्यकता नही है
- नौकरी का स्थान।

आपको [निम्न] प्रदान करने की जरूरत है:

ACCREDITED EMPLOYER WORK VISA

› नौकरी के बारे में विशेष जानकारी
› एक प्रस्तावित रोजगार समझौता
› विज्ञापन के सबूत, यदि आवश्यक हो (मान्यता प्राप्त नियोक्ताओं के लिए नौकरी विज्ञापन मार्गदर्शिका देखें)
› नौकरी की जाँच शुल्क का भुगतान।

एक से अधिक लक्ित स्थान जहां नौकरी एक जैसी ही है तो उन्हें एक ही नौकरी की जाँच में शामिल किया जा सकता है, उदाहरण के लिए एक फैक्टरी में छह मशीनिस्ट।

एक स्वीकृत नौकरी की जाँच 6 महीने के लिए या जब तक आपकी मान्यता समाप्त नहीं हो जाती, जो भी पहले हो, के लिए वैध है।

3 वीसा के लिए आवेदन करना

आपको मान्यता प्राप्त होने और नौकरी की जाँच में पास होने के बाद, आप इस नौकरी में काम करने के लिए एक प्रवासी कर्मचारी से AEWV (एईडबल्यूवी) के लिए आवेदन करने का अनुरोध कर सकते है।

प्रवासी कर्मचारी को यह दिखाने की जरूरत है कि वे इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड की चरित्र, पहचान और स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करते है, तथा उनके पास वह कुशलता और अनुभव है जिसे नियोक्ता ने इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड को नौकरी जाँच आवेदन में आवश्यक बताया था।



समय सीमा और शुल्क

नियोक्ता मान्यता और नौकरी जांच आवेदन शुल्क का भुगतान करते हैं। या तो नियोक्ता या प्रवासी AEWV शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

	के लिए आवेदन	विवरण	कीमत	अनुमानित प्रोसैस (कार्यवाही) करने का समय
मान्यता	मानक मान्यता	AEWV पर एक बार में 5 तक प्रवासी कर्मचारियों को रोजगार दें	NZ$740	10 कार्यकारी दिन
	उच्च मात्रा (संख्या) मान्यता	AEWV पर एक बार में 6 या अधिक प्रवासी कर्मचारियों को नियुक्त करें	NZ$1220	10 कार्यकारी दिन
	फ्रेंचाइजी नियोक्ता मान्यता	इन नियोक्ताओं के लिए विशिष्ट अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन, AEWV में नियोजित प्रवासी कर्मचारियों की संख्या की कोई सीमा नहीं है	NZ$1980	
	नियोक्ता जो AEWV धारकों को तीसरे पक्ष के नियंत्रण में रखने के इच्छुक है	इन नियोक्ताओं के लिए विशिष्ट अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन, AEWV में नियोजित प्रवासी कर्मचारियों की संख्या की कोई सीमा नहीं है	NZ$3870	
	पुनर्विचार (दुबारा विचार)	एक अस्वीकृत नियोक्ता मान्यता आवेदन पर पुनर्विचार	NZ$240	
जॉब चैक (नौकरी जाँच)	जॉब चैक (नौकरी जाँच)		NZ$610	10 कार्यकारी दिन
	पुनर्विचार (दुबारा विचार)	अस्वीकृत नौकरी जांच आवेदन पर फिर से विचार (नियोक्ता को अस्वीकृति के निर्णय के 14 कैलेंडर दिनों के भीतर आवेदन करना होगा)	NZ$240	
वीसा	मान्यता प्राप्त नियोक्ता कार्य वीसा	इसमें $210 की इमीग्रेशन लेवी (आप्रवासन उगाही) शामिल है	NZ$750	20 कार्यकारी दिन
	शर्तों में भिन्नता के लिए शुल्क		NZ$210	
	पुनर्विचार (दुबारा विचार)	अस्वीकृत वीसा आवेदन पर पुनर्विचार	NZ$250	

ऑनलाइन आवेदन जमा करने और आवेदन की स्थिति को ट्रैक करने के लिए इसे तेज और आसान बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए उन्नत आप्रवासन ऑनलाइन प्रणाली का उपयोग करके आवेदन करें।

अधिक जानकारी के लिए, immigration.govt.nz/accredited-employer वेबसाइट पर जाएँ

NEW ZEALAND IMMIGRATION

MINISTRY OF BUSINESS, INNOVATION & EMPLOYMENT
HĪKINA WHAKATUTUKI

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

INZ 8310 03/23

Information correct as at March 2023.